पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथैरेपी सेंटर के नाम से डुप्लीकेट क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त...

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 11 अक्टूबर. एक ही नाम से संचालित दो क्लीनिक के संचालन का विवाद सचिन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला

नवभारत की खबर का असर

असल संचालक डॉक्टर विनोद कुमार जोशी के नाम पर मरीजों को किया जा रहा था भ्रमित। मरीजों को प्रिस्क्रिप्शन लिखने के साथ ही डॉक्टर के चिन्ह का भी गलत तरीके से किया जा रहा था इस्तेमाल

ग्वालियर ने अपने आदेश से समाप्त कर दिया। सीएमएचओ कार्यालय ग्वालियर ने यह कार्रवाई पुष्कर पेन क्लिनिक और फिजियोथेरेपी सेंटर, सीनियर हाउस, गश्त का ताजिया फालका बाजार, लश्कर,

गस्त का ताजिया फालका बाजार स्थित रजिस्टर्ड पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथेरेपी सेंटर

शिंदे की छावनी स्थित दूसरी डुप्लीकेट क्लीनिक जिसका सीएमएचओ कार्यालय ने लाइसेंस निरस्त किया

ग्वालियर के असल संचालक डॉक्टर विनोद कुमार जोशी की एक शिकायत के बाद अपने जांच प्रतिवेदन के आधार पर की। सीएमएचओ ने शिंदे की छावनी,आदर्श कॉलोनी गेट के पास स्थित पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथैरेपी सेंटर के नाम से डुप्लीकेट क्लीनिक का संचालन कर रहे तिवेन्द्र कुमार कौशिक की क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त कर दिया। गौरतलब है कि डॉक्टर विनोद कुमार जोशी की करीब चार दशक पुराने नाम से पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथेरेपी सेंटर हैं। इस ब्रांड नाम का तिवेंद्र कुमार कौशिक ने दुरुपयोग करते हुए इसी नाम से अपना एक दूसरी जगह क्लिनिक खोल लिया था और मरीजों को डॉक्टर विनोद जोशी का ही क्लिनिक बताते हुए भ्रमित किया जा रहा था। तिवेन्द्र कुमार कौशिक द्वारा डॉक्टर विनोद जोशी के स्वामित्व वाले पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथैरेपी सेंटर के ब्रांड नाम का दूसरी जगह संचालन किए जाने के मामले में सीएमएचओ, ग्वालियर कार्यालय को डॉ. विनोद जोशी फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा जो शिकायत की गई थी, उसके बाद एक विस्तृत आदेश जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ कार्यालय ने आदेश जारी किया है। एक बार फिर नवभारत की खबर का असर देखने को मिला हैं। गौरतलब है कि जनहित की खबरों को प्राथमिकता से प्रकाशित कर रहे नवभारत ने अपने 24 जून के अंक में टेक्नीशियन को जिम्मेदारी सौंप कर अमेरिका गए डॉक्टर की क्लीनिक पर नाम का डांका शीर्षक से इस खबर को प्रकाशित किया था।

इनका कहना हैं...

पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथैरेपी सेंटर मेरे द्वारा रजिस्टर्ड क्लीनिक है जिसका ट्रेडमार्क लाइसेंस भी मेरे पास है। उक्त क्लीनिक के नाम से मेरे यहां पर कभी काम करने वाले तिवेन्द्र कुमार कौशिक द्वारा मेरे पद नाम का गलत इस्तेमाल कर डुप्लीकेट क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। सीएमएचओ कार्यालय ग्वालियर ने उक्त क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त कर मुझे न्याय दिया हैं।

डॉक्टर विनोद कुमार जोशी, संचालक,पुष्कर पेन क्लिनिक एंड फिजियोथैरेपी सेंटर

एएमआई शिशु मन्दिर के 80वें स्थापना दिवस पर हुए रंगारंग आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अक्टूबर. ए.एम.आई. शिशु मन्दिर की स्थापना को 80 वर्ष पूर्ण हो रहे है जिसे आज रंगारंग कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. ऋतु सप्रा प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं ए.एम.आई. बोर्ड ऑफ गवर्नर की अध्यक्षा महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर महान आर्यमन सिंधिया भी उपस्थित थे। 1945 में स्थापित हुआ यह विद्यालय 2025 में अपनी स्थापना के 80 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर होने वाले सांस्कृतिक समारोह की थीम है चलचित्र ए जर्नी ऑफ 80 इयर्स।

कार्यकम का आगाज करते हुए सबसे पहले हेड गर्ल मैत्री वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होने स्कूल में बिताए गए समय की कुछ यादें सबके साथ साझा को एवं शिक्षकों के योगदान को याद किया।

तत्पश्चात् ए.एम.आई. की डायरेक्ट्रैस श्रीमती वीणा सिंह ने स्कूल रिपोर्ट पेश को। बोर्ड ऑफ गवर्नर की प्रैसीडेन्ट प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया एवं महानआर्यमन सिंधिया ने भी मंच से सभी अभिभावकों अतिथियों एवं एल्यूमिनाई को सम्बोधित किया। विजयाराजे एक्सीलेंस अवार्ड डॉ. श्रीमती ऋतु सप्रा को दिया गया। पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें बारहवीं कक्षा एवं दसवी बोर्ड कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय आने वाले एवं विभिन्न विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल्स प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ. ऋतु सप्रा को विजयाराजे एक्सीलन्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। ए.एम.आई. शिशुमन्दिर के 2025 में 80 वर्ष पूरे करने के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं द्वारा एक नाटक (डांस-ड्रामा) प्रस्तुत किया गया जिसमें स्कूल की 1945 में स्थापना से लेकर आज 2025 तक की कहानी व यात्रा को बड़े ही मनमोहक एवं नाट्य रूपांतरण के द्वारा प्रस्तुत किया ए.एम.आई. के छात्रों ने। इस अवसर पर हुए पुरस्कार वितरण समारोह में- 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर - अंश त्रिपाठी को प्रेसीडेन्ट्स अवार्ड से नवाजा गया वहीं 10वीं बोर्ड कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रूबल गोयल को वाइस प्रेसीडेन्ट्स अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। बेस्ट अचीवर का पुरस्कार मेत्री वर्मा को एवं बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन वॉयस कैटेगरी में काव्य दिक्षित व गर्ल कैटेगरी मे धरा कुशवाह (सीनियर) व जूनियर में अनीशा मंगल को दिया गया बिस्ट हाउस की शील्ड ज्योतिरादित्य हाउस एवं बेस्ट बोर्ड / प्रदर्शनी (एक्सीबिट) की ट्रॉफी ज्योतिरादित्य हाउस को दी गई।

जिला अस्पताल : वाहन पार्किंग पर हुआ विवाद

ग्वालियर 11 अक्टूबर. जिला अस्पताल में वाहन पार्किंग को लेकर आए दिन हो रही मारपीट का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते रोज सुबह एक बार फिर वाहन पार्किंग स्थल अखाड़ा बन गया और मरीज के साथ आए परिजनों के साथ ठेकेदार व उसके गुर्गों ने मारपीट कर दी। मारपीट से मरीज के अटेंडर को चोट आई है। मारपीट से घायल युवक मुरार थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी बात बताई। पुलिस ने वाहन स्टैंड के ठेकेदार, उसके भाई व पिता पर मामला कायम कर लिया है। सतेन्द्र सिंह 36 वर्ष निवासी पवनसुत कॉलोनी हुरावली शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में मरीज को दिखाने गया था। वाहन स्टैंड पर गाड़ी लगाते समय रुपयों के लेन-देन को लेकर सतेन्द्र सिंह का विवाद वहां के ठेकेदार शेरू व उसके भाई धीरेन्द्र गोस्वामी से हो गया। मुंहवाद से शुरु हुआ मामला कुछ देर बाद मारपीट में बदल गया और शेरू उसके भाई धीरेन्द्र गोस्वामी ने सतेन्द्र सिंह ने मारपीट कर दी। बताया गया है कि मारपीट में वाहन स्टैंड के ठेकेदार के पिता रामप्रकाश गोस्वामी भी उस समय वहां मौजूद थे और उन्होंने भी सतेन्द्र सिंह के साथ मारपीट की। मारपीट होने के बाद सतेन्द्र मुरार थाने पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

शाहर में आज इन क्षेत्रों में होगी बिजली कटौती

ग्वालियर 11 अक्टूबर. प्रभावित क्षेत्र, रेलवे कांसिग, समस्त ओधौगिक क्षेत्र, झांसी रोड, कोठी गाँव, देवनगर, सखिया विलास, विक्की फैक्ट्री तिराहा आदि एवं एच. टी कनेक्शन से संबंधित क्षेत्र। इण्डस्ट्रीयल एरिया, चिरवाई से संबंधित क्षेत्र। सबस्टेशन से निकलने वाले सभी फीडर। समस्त ग्रीन साउथ कॉलोनी आदि। सबस्टेशन से निकलने वाले सभी फीडर। एचटी कनेक्शन बंद रहेगे। परम आशीष कॉलोनी से संबंधित क्षेत्र एवं सबस्टेशन से निकलने वाले सभी फीडर। जी.आई.सी.टी. कॉलेज क्षेत्र, महादजी नगर क्षेत्र आदि। सबस्टेशन से निकलने वाले सभी फीडर। नया बाजार, गणेश कॉलोनी, तेली की बजरिया, गुब्बारा फाटक, हुजरात पुल, खुर्जे वाला मोहल्ला, जिन्सी वाला नाला नं.2, आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे

24 घंटे के अंदर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

ग्वालियर 11 अक्टूबर. नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को थाना कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बहोड़ापुर तिराहा से गिरफ्तार कर लिया हैं। यासिन खाँ परिवर्तित नाम निवासी भितरवार जिला ग्वालियर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट कराई थी कि शाम को वह बाड़ा पर घूमने गई थी, वहाँ पर अख्तर खाँन आया जिससे मेरी पहले बात होती थी। वह मुझे अपने साथ बहला फुसला कर अपनी कार में बिठाकर एक फार्म हाउस जैसी जगह ले गया। जहाँ पर उसने मेरे साथ मेरी मर्जी के बिना दो से तीन बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये।

पुलिस स्मृति दिवस
भारत की आन्तरिक सुरक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को नमन।
सभी देशवासियों को आगामी (15 अक्टूबर) गुरु हरराय जी पुण्यतिथि एवं (21 अक्टूबर) पुलिस स्मृति दिवस पर शत शत नमन
प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. - 9179416408

जैन मार्बल एण्ड कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाईट, राजस्थान ग्रेनाईट,मार्बल एण्ड कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
डॉ.विनोद जैन 9425360508
पता-रितूराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिण्ड रोड, लीला हॉस्पीटल के पास ग्वालियर

श्री श्याम ग्रे नाईट
9785495091, 8306703030
हमारे यहां साउथ ग्रेनाईट एवं राजस्थान ग्रेनाईट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
पता- आनंदपुर ट्रस्ट आई हॉस्पीटल के सामने मुरैना रोड ग्वालियर म .प्र .

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

GDR G D REFRIGERATION ELECTRICAL WORKS
Discover The All New Range Of Lloyd Products
• Wedding Package, • HOME APPLIANCES
(हर खरीददारी पर निश्चित एक गिफ्ट उपहार)
Er. Rajat 9754396089, 9713966081
1. LLOYD GALLARY : NEAR INDIAN OVERSEAS BANK JINSI ROAD NO.1, LASHKAR GWALIOR-474009
2. G.D.R. OFFICE SHOWROOM : NEAR KAJAL TAKIZ KAMAL SINGH KA BAG, LASHKAR, GWALIOR-474009

WOMEN & FETAL CARE CLINIC
डॉ. योगिता वर्मा
MBBS, MS, FMF
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY)
INFERTILITY & IVF
HIGH RISK PREGNANCY
GYNAE & ANTENATAL ULTRASOUND SPECIALIST
स्त्री एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
पूर्व सेंटर हेड इंदिरा IVF ग्वालियर
समय: प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
9243053461
पता: 17-बी, अनुपम नगर, मेहरा हॉस्पिटल के पास, गोविन्दपुरी ग्वालियर

केनरा बैंक Canara Bank
क्षेत्रीय कार्यालय: प्रथमतल सांई बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन: 0751-2423126
ई-नीलामी विक्रय सूचना

परिशिष्ट -IV क {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत: एवं निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों के ऋणियों एवं जमानदारों को विशेषत: सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित सम्पत्तियां कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **24.10.2025** को कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार किया जा रहा है।

शाखा एवं खाते/ जमानदार का नाम	बकाया राशि / नीलामी दिनांक	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढ़ाने की राशि
शाखा: केनरा बैंक गोला का मंदिर, ग्वालियर, Ph.: 84483-38142, Email: cb2897@canarabank.com			
ऋणी और बंधककर्ता:1. **श्रीमती स्मिता चतुर्वेदी पत्नी राजेश चतुर्वेदी** पता- अशोक कॉलोनी रोड, मुरार 2. **राजेश चतुर्वेदी पुत्र जगदीश चंद्र** जमानतदार: **जोगेंद्र सिंह भदौरिया** **पुत्र श्री गोधन सिंह** पता-लाला साहब का बगीचा माल रोड मुरार	Rs. 5,66,167.37/- + ब्याज एवं खर्चे नीलामी दिनांक 24-10-2025 (सांकेतिक)	आवासीय भवन श्रीमती स्मिता चतुर्वेदी पत्नी राजेश चतुर्वेदी के नाम पर, पानी की टंकी शमशान नदी पार ताल रोड मोरार, ग्वालियर के पास, क्षेत्रफल: 675 वर्ग फुट। **चतुर-सीमाएं - उत्तर** : अन्य का मकान, **पूर्व** - रोड और श्री नारायण जाटव का मकान, **दक्षिण** - अयोध्या मिश्रा का मकान, **पश्चिम** - पाठक का मकान।	Rs. 17,61,000/- Rs. 1,76,100/- Rs. 10,000/-
शाखा: केनरा बैंक, भितरवार, Mob.: 8109323374, Email: cb5445@canarabank.com			
ऋणी: मैसर्स ठाकुर बाबा मोटर्स **प्रो. पंजाब सिंह परिहार पुत्र श्री खुशालीराम** पता: हर्सी रोड़, भितरवार ग्वालियर (म.प्र.)-475200 **प्रोपराइटर: पंजाब सिंह परिहार, पुत्र श्री खुशाली राम** पता: 28, एडवोकेट कॉलोनी, भितरवार (म.प्र.) पिन - 475200	Rs. 27,47,763.18/- + ब्याज एवं खर्चे नीलामी दिनांक 30-10-2025 (सांकेतिक)	भूमि एवं भवन आवासीय का आवंटन पंजाब सिंह परिहार सर्वे नं. 3343/मिन-1, वार्ड नं.08 भितरवार, ग्वालियर (म.प्र.) क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट (20*40), **चतुर-सीमाएँ-उत्तर**: नवल सिंह का प्लॉट, **दक्षिण**: बघेल का प्लॉट, **पूर्व**: सड़क **पश्चिम**: भूमि या विक्रेता	Rs. 16,83,000/- Rs. 1,68,300/- Rs. 10,000/-
शाखा: केनरा बैंक, एल.आई.सी. सिटी सेन्टर, Ph.: 79838-30415, E-mail : cb17781@canarabank.com			
ऋणी-मैसर्स श्री आशीर्वाद ग्रुप **प्रस्तावक श्री. संजय शर्मा,** पता: प्रधान साहब का बाड़ा जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **मालिक- श्री. संजय शर्मा** पता: प्रधान साहब का बाड़ा, जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **गारंटर- श्री. नवीन वानखेड़े** पता: मकान नं. 71, जय बगरंग नागार्ट अनूप सिनेमा के पास, इंदौर-452010	Rs. 76,58,801.64/- + ब्याज एवं खर्च नीलामी दिनांक 24-10-2025 (सांकेतिक)	भूमि एवं भवन का आवंटन एम.एच. क्रमांक 30/1080 (पुराना), टोपे ग्वालियर वाला मोहल्ला, प्रधान साहब का बाड़ा के पास, जीवाजीगंज, लश्कर ग्वालियर में स्थित है। **चतुर-सीमाएं: उत्तर**: सड़क निगम, **दक्षिण**: शेष प्लॉट, **पूर्व**: सड़क निगम, **पश्चिम**: सरकारी भूमि।	Rs. 47,60,000/- Rs. 4,76,000/- Rs. 10,000/-

ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 24.10.2025 & 30.10.2025, दोपहर 1 से 2 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर)

अन्य नियम व शर्तें: (1) संपत्ति ''जैसी है जहां है'' स्थिति में बेची जाएगी, जिसमें कोई भार शामिल होगा।(बैंक के ज्ञान में कोई भार नहीं है। भार के विवरण के लिए, नीचे खंड 9(डी) में संदर्भित बयाना राशि जमा करने से पहले नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें)। नीलामी / बोली केवल **Website: http://baanknet.in** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रोनिक बोली के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। (2) संपत्ति केवल आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाएगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ, **23.10.2025 & 29.10.2025** से पहले किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। (4) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **http://baanknet.in/** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। (5) भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस (एबकेरे), श्री धर्मेश आशेर, संपर्क नंबर **98922-19848**, ई-मेल: **support.baanknet@ psballiance.com** और **avp-projectmanager2@ psballiance.com** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि वेबसाइट **http://baanknet.in/** के माध्यम से असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) नीलामी ऊपर बताए अनुसार आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता 10,000 रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी के समापन पर सबसे ऊंची बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। (7) सफल बोलीदाता को स्वयं को सफल बोलीदाता घोषित करने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। उसके द्वारा की गई जमा राशि बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को तुरंत फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये) और उससे अधिक की बिक्री आय के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद जमा करनी होगी। (9) सभी परिवहन शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और किसी भी स्थानीय प्राधिकरण को कोई कर, राजस्व/बकाया केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। (10) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों व शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (11) यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या किसी शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। (12) **23.10.2025 & 29.10.2025** को या उससे पहले नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/चालान के माध्यम से एबव्रे वेबसाइट के सफल पंजीकरण के बाद आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत ईएमडी राशि ई-वॉलेट में जमा की जानी है। ईएमडी राशि को ई-वालेट में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के बाद, बोलीदाता पात्र संपत्तियों में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए रिकवरी और लीगल सेक्शन, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर मोबा: 8989992605 से संपर्क करें।

स्थान: ग्वालियर | दिनांक: 11-10-2025 | प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

पुण्यस्मरण

देश सेवा के लिए समर्पित, सौम्यता की मूर्ति, साध्वी और स्फूर्ति ।।
प्रेरणा की प्रतिमूर्ति, यही है हमारी अनुभूति।।



12th October 1919 — 25th January 2001

कैलाशवासी
श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी
की 106 वीं जंयती पर शत्-शत् नमन्

VISM GROUP OF STUDIES GWALIOR • MP • INDIA
VISM HOSPITAL
"सर्वे सन्तु निरामयाः"
www.vismgwalior.com
व्हीआईएसएम कैम्पस : एनएच - 75, झांसी रोड, ग्वालियर - 474001 (म.प्र.)

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95